Title : Need to declare religious sites of historical and cultural importance in western Odisha as national monuments-Laid.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मैं पश्चिम ओड़िशा के लोक सभा क्षेत्र कालाहांडी से आता हूँ, जिसे KBK (कालाहांडी-बोलांगीरकोरापुट) से भी जाना जाता है और ये अति पिछड़े जिले है । दुःख की बात यह है कि पश्चिम ओड़िशा' का ज्यादातर क्षेत्र पहले सेंट्रल प्रोविंस में था और आज ओड़िशा के आखिरी छोर में है, इसलिए उपेक्षा का कारण रहा है । पश्चिम ओड़िशा में बहुत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अत्याध्मिक स्थान है जिनको राष्ट्रीय स्मारक के रूप में शामिल करके पर्यटन के साथ साथ रोजगार को भी बढ़ावा दिया जा सकता है । पश्चिम ओड़िशा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि निम्लिखित स्थानों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्त्व को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित करने का विचार करें

- समलेश्वरी मंदिर, जिला संबलपुर
- पट्नेश्वरी मंदिर, जिला बोलांगीर
- हरिशंकर मंदिर, जिला बोलांगीर
- नरसिंहनाथ मंदिर, जिला बरगढ़
- लंकेश्वरी मंदिर, जिला कालाहांडी
- माणेकेश्वरी मंदिर, जिला कालाहांडी
- पातेलेश्वर मंदिर, जिला नुआपड़ा
- जोगेश्वर मंदिर, जिला नुआपड़ा
- दधिबामन मंदिर, जिला नुआपड़ा